# अध्याय – 05 | जीवन की मौलिक इकाई

## QUIZ-06

**1. माइटोकॉन्ड्रिया को कोशिका का क्या कहा जाता है?**

A. आत्मघाती थैली
B. ऊर्जा गृह (Power House)
C. नियंत्रण केंद्र
D. संरचनात्मक ढाँचा (B)

*व्याख्या :* माइटोकॉन्ड्रिया को कोशिका का ऊर्जा गृह कहा जाता है क्योंकि यह ATP का निर्माण करता है।

**2. माइटोकॉन्ड्रिया की आंतरिक झिल्ली किस प्रकार की होती है?**

A. चिकनी B. अर्धपारगम्य
C. शिलित (folded) D. कठोर (C)

*व्याख्या :* आंतरिक झिल्ली पर शिलाएं (Cristae) बनी होती हैं जो रासायनिक अभिक्रियाओं के लिए सतह क्षेत्र बढ़ाती हैं।

**3. माइटोकॉन्ड्रिया में कौन-सी विशेषता होती है?**

A. स्वयं का DNA और राइबोसोम पाए जाते हैं
B. केवल RNA पाया जाता है
C. केवल प्रोटीन होते हैं
D. केवल वसा होते हैं (A)

*व्याख्या :* माइटोकॉन्ड्रिया में अपना DNA और राइबोसोम पाए जाते हैं जिससे यह कुछ प्रोटीन स्वयं बना सकता है।

**4. प्लास्टिड केवल किसमें पाए जाते हैं?**

A. पादप कोशिकाओं में B. जन्तु कोशिकाओं में
C. सभी जीवों में
D. केवल बैक्टीरिया में (A)

*व्याख्या :* प्लास्टिड केवल पादप कोशिकाओं में पाए जाते हैं।

**5. क्लोरोप्लास्ट किसका उदाहरण है?**

A. ल्यूकोप्लास्ट B. क्रोमोप्लास्ट
C. माइटोकॉन्ड्रिया
D. लाइसोसोम (B)

*व्याख्या :* क्लोरोप्लास्ट हरे रंग का वर्णक क्लोरोफिल युक्त क्रोमोप्लास्ट है जो प्रकाश संश्लेषण में सहायक होता है।

**6. ल्यूकोप्लास्ट का मुख्य कार्य क्या है?**

A. प्रकाश संश्लेषण
B. अपशिष्ट पदार्थों का निष्कासन
C. भोजन पदार्थों का संचय (स्टार्च, तेल, प्रोटीन)
D. ATP निर्माण (C)

*व्याख्या :* ल्यूकोप्लास्ट रंगहीन प्लास्टिड होते हैं और भोजन पदार्थों के संचयन का कार्य करते हैं।

**7. पादप कोशिका की रसधानी का आकार सामान्यतः कैसा होता है?**

A. बहुत छोटा B. बहुत बड़ा
C. अनुपस्थित
D. केवल केंद्र में (B)

*व्याख्या :* पादप कोशिका में रसधानी बड़ी होती है और यह कोशिका के 50%–90% आयतन को घेरे रहती है।

**8. जंतु कोशिका में रसधानी कैसी होती है?**

A. अनुपस्थित B. बड़ी
C. छोटी D. कई बड़ी (C)

*व्याख्या :* जंतु कोशिका में रसधानियाँ छोटी होती हैं।

**9. अमीबा की खाद्य रसधानी का क्या कार्य है?**

A. अपशिष्ट निकालना
B. भोजन को संग्रहित करना
C. भोजन को पचाना
D. जल का परिवहन करना (C)

*व्याख्या :* अमीबा की खाद्य रसधानी भोजन को पचाने का कार्य करती है।

**10. कौन-से दो कोशिकांगों में अपना DNA पाया जाता है?**

A. माइटोकॉन्ड्रिया और लाइसोसोम
B. प्लास्टिड और माइटोकॉन्ड्रिया
C. राइबोसोम और प्लाज्मा झिल्ली
D. केंद्रक और रसधानी (B)

*व्याख्या :* माइटोकॉन्ड्रिया और प्लास्टिड दोनों में अपना DNA और राइबोसोम पाए जाते हैं।

मिशन ज्ञान
जब चाहें, जहाँ चाहें, जैसे चाहें।
100% FREE!
Video COURSES | QUIZ | PDF | TEST SERIES
Download Mission Gyan App